# मनो विज्ञान
# PSYCHOLOGY

1. एक शिकारी नैमित्तिक सार्थकता की अनुपस्थिति में भी निरन्तर शिकार करता रहता है । यह कथन एक उदाहरण है
   (A) प्राचीन अन्तर्नोद
   (B) तनाव न्यूनन प्रतिमान
   (C) जैविक लक्ष्य
   (D) प्रकार्यात्मक स्वायत्तता

2. यदि प्रयोगकर्ता एवं प्रयोज्य दोनों ही प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूहों के बारे में अवगत नहीं हैं, तो इसे कहा जाता है
   (A) परिकल्पना जाँच
   (B) एकल अंध अध्ययन
   (C) यादृच्छिक अध्ययन
   (D) दोहरा अंध अध्ययन

3. सम्प्राप्ति अभिप्रेरक
   (A) केवल संज्ञानात्मक है
   (B) केवल यांत्रिक है
   (C) आंशिक संज्ञानात्मक और आंशिक यंत्रात्मक है
   (D) उद्दोलन से निर्धारित होता है

4. निम्नलिखित में से मनोविज्ञान की कौन-सी विशेषता विकारों के निदान व चिकित्सा से निपटती है ?
   (A) विकासात्मक
   (B) नैदानिक
   (C) व्यक्तित्व
   (D) प्रयोगात्मक

5. प्रत्येक चयन कार्यक्रम की जाँच पड़ताल ________ के निर्धारण के लिये किया जाना चाहिये ।
   (A) कार्यक्रम के स्थायित्व
   (B) कार्यक्रम की संगतता/एकरूपता
   (C) कार्यक्रम के सामान्यीकरण
   (D) कार्यक्रम की पूर्वकथन शुद्धता

1. A hunter continuous to hunt even in the absence of instrumental significance. This statement is an example of
   (A) Primitive drive
   (B) Tension reduction model
   (C) Biological goals
   (D) Functional autonomy

2. If the experimenter and subjects, both are not aware of the experimental and control groups, it is called
   (A) Hypothesis testing
   (B) Single blind study
   (C) Random study
   (D) Double blind study

3. Achievement motivation is
   (A) Only cognitive
   (B) Only mechanistic
   (C) Partially cognitive and partially mechanistic
   (D) Determined by arousal

4. Which of the following specialities in psychology deal with diagnosis and treatment of disorders ?
   (A) Developmental
   (B) Clinical
   (C) Personality
   (D) Experimental

5. Every selection programme must be investigated to determine
   (A) Stability of programme
   (B) Consistency of programme
   (C) Generalisability of programme
   (D) Predictive accuracy of programme

6. कौन-सी परिस्थिति समूह तनाव के स्थायित्व में योगदान देती है ?
(A) सामान्य लक्ष्य
(B) प्रकार्यात्मक सहयोग
(C) मूल्यों में अन्तर
(D) विश्वास कि दूसरा समूह अधिक सुविधा में है

7. आत्मगत संवेगात्मक अनुभव वास्तव में शारीरिक परिवर्तनों का परिणाम हैं, संवेग का कौन-सा सिद्धांत इस पक्ष का समर्थन करता है ?
(A) कैनन-बार्ड सिद्धांत
(B) जेम्स-लैंग सिद्धांत
(C) प्रतिवादी प्रक्रिया सिद्धांत
(D) द्वि-कारक सिद्धांत

8. अवधान के निस्यंदक क्षीणन सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था ?
(A) ट्राइसमैन (B) ब्राडवेण्ट
(C) मोरे (D) शेरी

9. जैविक-सामाजिक परिभाषा व्यक्तित्व को ________ के समान मानती है ।
(A) व्यक्ति के द्वारा समायोजन के लिये किये गये प्रयास
(B) व्यक्ति के विशेष गुण
(C) असतत अनुक्रियाओं का प्रतिमान
(D) व्यक्ति का सामाजिक उद्दीपक मूल्य

10. लघुकालिक-स्मृति की सूचना दीर्घकालिक-स्मृति में ______ से प्रविष्ट होती है ।
(A) सुविस्तृत पूर्वाभ्यास
(B) समक्षणिक पूर्वाभ्यास
(C) संरक्षण पूर्वाभ्यास
(D) अनुक्रमिक पूर्वाभ्यास

6. Which condition contributes to permanence in group tension ?
(A) Common goals
(B) Functional co-operation
(C) Differences in values
(D) Belief that other group is more comfortable

7. Which theory of emotions advocates that subjective emotional experiences are actually the result of physiological changes ?
(A) Cannon-Bord theory
(B) James-Lauge theory
(C) Opponent process theory
(D) Two-factor theory

8. Who propounded filter attenuation theory of attention ?
(A) Treismann (B) Bradvent
(C) Moore (D) Sherry

9. Bio-social definition equates personality to the
(A) Efforts of adjustment carried out by the individual
(B) Specific qualities of the individual
(C) Pattern of discrete responses
(D) Social stimulus value of the individual

10. Information in short-term memory enters long-term memory through
(A) Elaborative rehearsal
(B) Simultaneous rehearsal
(C) Maintenance rehearsal
(D) Sequential rehearsal

11. निम्नलिखित में से कौनसा उपागम प्रयोगात्मक अध्ययनों पर आधारित नहीं है ?

(A) संज्ञानात्मक उपागम

(B) व्यवहारात्मक उपागम

(C) मनोविश्लेषण उपागम

(D) स्नायुविक-जैविक उपागम

12. किसके कार्य के आधार पर बुद्धि का कारक सिद्धांत उपगम विकसित हुआ ?

(A) स्पीयरमैन (B) जैन्सन

(C) पियाज़े (D) वैक्सलर

13. निम्नलिखित में से कौन प्रासंगिक स्मृति और अर्थात्मक स्मृति में अन्तर को दर्शाता है ?

(A) सूचना जिसको शाब्दिक रुप से व्यक्त नहीं किया जा सके

(B) स्रोत अनुवीक्षण

(C) यथार्थता अनुवीक्षण

(D) मस्तिष्क के विभिन्न मण्डलों का क्रिया कलाप

14. आकृति-पृष्ठभूमि को पृथक करने के बाद भी उसी आकृति-पृष्ठभूमि के प्रत्यक्षीकरण के लिये किस शब्द का उपयोग किया जाता है ?

(A) आकृति निरन्तरता

(B) आकृति स्थैर्य

(C) आकृति आग्रह

(D) आकृति स्थायित्त्व

11. Which approach is not based on experimental studies ?

(A) Cognitive approach

(B) Behavioral approach

(C) Psychoanalytic approach

(D) Neuro-biological approach

12. On the basis of whose work factor theory approach to intelligence was developed ?

(A) Spearman (B) Jensen

(C) Piaget (D) Wechsler

13. Which of the following depicts the difference between episodic and semantic memory ?

(A) Information that cannot be expressed verbally

(B) Source monitoring

(C) Reality monitoring

(D) Activity of different brain regions

14. Which term is used for perception of same figure-ground even after separation of figure-ground ?

(A) Figural continuity

(B) Figural constancy

(C) Figural persistency

(D) Figural stability

15. संवेग के कैनन–बार्ड सिद्धान्त के अनुसार

(A) शारीरिक परिवर्तन संवेगात्मक अनुभवों के पूर्वगामी होते हैं

(B) शारीरिक परिवर्तन संवेगात्मक अनुभवों के अनुवर्ती होते हैं

(C) शारीरिक परिवर्तन और संवेगात्मक अनुभव समकाल में घटित होते हैं

(D) संवेगात्मक अनुभव शारीरिक परिवर्तनों के पूर्वगामी और अनुवर्ती होते हैं

16. अवधान टार्च के प्रकाश के सदृश होता है जो दाँये–बाँये, आगे–पीछे और ऊपर–नीचे घूमता रहता है । इस कथन में किस गोचर को दिखाया गया है ?

(A) चयनात्मक अवधान

(B) अवधान का विभाजन

(C) सर्तकता

(D) अवधान का उच्चावचन

17. प्रत्येक स्कूल के चरण में परामर्श और निर्देशन की मार्गदर्शिका ________ में दी गयी हैं ।

(A) राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा (एन.सी.एफ., 2005)

(B) स्कूल शिक्षा का राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा (एन.सी.एफ.एस.ई., 2000)

(C) कार्यप्रणाली का राष्ट्रीय कार्यक्रम, 1992

(D) शिक्षा की राष्ट्रीय नीति, 1986

15. According to Cannon-Bord theory of emotions

(A) Bodily changes precede emotional experiences

(B) Bodily changes follow emotional experiences

(C) Bodily changes and emotional experiences occur simultaneously

(D) Emotional expressions precede as well as follow bodily changes

16. "Attention is similar to the light of torch which keeps on moving right-left, front-back, up-down". Which phenomenon is shown in the statement ?

(A) Selective attention

(B) Division of attention

(C) Vigilance

(D) Fluctuation of attention

17. Guidelines for counselling and guidance of each of the school stages are given in

(A) National Curriculum Framework (NCF, 2005)

(B) National Curriculum Framework for School Education (NCFSE, 2000)

(C) National Programme of Action 1992

(D) National Policy of Education, 1986

18. अन्तर्दृष्टि अधिगम की व्याख्या ________ के आधार पर की जा सकती है ।
(A) उद्दीपक-अनुक्रिया अनुक्रम
(B) साधन और परिणाम में संज्ञानात्मक सम्बन्ध
(C) क्रमिक हल नियम
(D) यांत्रिक कौशल

19. बिने-साइमन मापनी का तृतीय संशोधन किस वर्ष में प्रकाशित किया गया ?
(A) 1950 (B) 1960
(C) 1954 (D) 1937

20. विशेष शब्दों में कार्य विश्लेषण ________ का वर्णन करता है ।
(A) व्यक्तिगत विशेषतायें
(B) कार्यों की प्रकृति और अवयव
(C) व्यक्तिगत अपेक्षायें
(D) विभिन्न कार्यों में कौशलों के पुलिंदे की अनुप्रायोगिकता

21. कौन-सा अन्तर्नोद निम्नलिखित कथन में दर्शाया गया है ?
"जीवन में नीरसता का अनुभव होने पर व्यक्ति उत्तेजक उद्दीपकों को ढूंढते हैं" ।
(A) अन्वेषणात्मक अन्तर्नोद
(B) आक्रामक अन्तर्नोद
(C) भय अन्तर्नोद
(D) जैविक अन्तर्नोद

22. एक पंख की चिड़ियायें एक साथ झुंड बनाती है । यह कथन निरूपित करता है
(A) समानता का नियम
(B) निरन्तरता का नियम
(C) समीपवर्तिता का नियम
(D) सामान्य मण्डल का नियम

18. Insight learning can be explained on the basis of
(A) Stimulus-response sequence
(B) Cognitive relationship between means and end
(C) Gradual solution rule
(D) Mechanical skills

19. In which year third revision of Binet-Simon scale was published ?
(A) 1950 (B) 1960
(C) 1954 (D) 1937

20. In specific terms job analysis describes
(A) Personal characteristics
(B) Nature and component of tasks
(C) Personal requirements
(D) Package of skills applicable to different jobs

21. Which of the drive is depicted in the following statement ?
"Individuals experiencing monotony in life seek exciting stimuli".
(A) Exploratory drive
(B) Aggressive drive
(C) Fear drive
(D) Biological drive

22. 'Birds of a feather flock together'. The statement demonstrates law of
(A) Similarity
(B) Continuity
(C) Nearness
(D) Common region

23. व्यक्तित्व के सामाजिक संज्ञान सिद्धांत में किस लक्षण पर बल दिया जाता है ?

(A) स्व:-तंत्र

(B) पुनर्बलन आकस्मितायें

(C) क्रियाओं को प्रबन्धित करने की क्षमता

(D) उपर्युक्त सभी

24. 'जो छात्र अध्ययन में जितना अधिक परिश्रम करता है, परीक्षा में उसके प्राप्तांक उतने ही अधिक होते हैं'। यह कथन दर्शाता है

(A) सहसम्बन्धात्मक विधि

(B) प्रकृतिगत प्रेक्षण विधि

(C) संचरित प्रेक्षण विधि

(D) सहभागी प्रेक्षण विधि

25. व्यक्तित्व विकास के मनो-सामाजिक सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) फ्रायड (B) सलिवन

(C) एरिक्सन (D) युंग

26. वस्तु प्रारूप और प्रत्यक्षीकरण प्रारूप में अन्तर किसको दर्शाता है ?

(A) प्रात्यक्षिक अधिगम

(B) भ्रम

(C) व्यामोह

(D) विभ्रम

27. शैशवावस्था स्मृति हीनता ______________ अनुभवों को याद करने की अयोग्यता है।

(A) जीवन के प्रथम वर्ष के

(B) जीवन के प्रथम दो वर्षों के

(C) जीवन के प्रथम दो या तीन वर्षों के

(D) जीवन के प्रथम पाँच वर्षों के

23. Which feature is emphasized in social cognitive theory of personality ?

(A) Self-system

(B) Reinforcement contingencies

(C) Capacity to regulate actions

(D) All of the above

24. 'Students get as much marks in the examinations as much hard work they put in their studies'. This statement illustrates

(A) Correlational method

(B) Naturalistic observation method

(C) Structured observation method

(D) Participant observation method

25. Who propounded psychosocial theory of personality development ?

(A) Freud (B) Sullivan

(C) Erikson (D) Jung

26. What is depicted by difference between object format and perception format ?

(A) Perceptual learning

(B) Illusion

(C) Delusion

(D) Hallucination

27. Infantile amnesia is the inability to remember experiences during

(A) First year of life

(B) First two years of life

(C) First two or three years of life

(D) First five years of life

28. संसार में इन्द्रिय बोध की क्षमता निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है ?
(A) आकृति आधारित प्रक्रमण
(B) समग्र आधारित प्रक्रमण
(C) पृथककारी सहायक प्रणाली
(D) सम्बन्धात्मक सहायक प्रणाली

29. संवेगात्मक उत्तर में _______ होगी ।
(A) श्वेद ग्रंथि की क्रिया में वृद्धि
(B) त्वचा की प्रतिरोधकता में कमी
(C) त्वचा चालकत्व में वृद्धि
(D) उपर्युक्त सभी

30. साम्प्रदायिक दंगे क्यों होते हैं ?
(A) धर्म के सिद्धान्तों का बोध
(B) दंगा करने वाले समूहों में सम्पर्क
(C) समाज विरोधी प्रवृत्तियों का दमन
(D) व्यक्तियों के बारे में अज्ञानता

31. यदि रमेश परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करता है तो एक घड़ी उपहार में देने का वायदा _______ का उदाहरण प्रस्तुत करता है ।
(A) आन्तरिक पुरस्कार
(B) बाह्य पुरस्कार
(C) दोनों आन्तरिक व बाह्य पुरस्कार
(D) ना आन्तरिक पुरस्कार ना ही बाह्य पुरस्कार

32. मनोविज्ञान के किस क्षेत्र में अपराध पीड़ितों और गवाहों की स्मृति योग्यता का अध्ययन किया जाता है ?
(A) समाज मनोविज्ञान
(B) सामुदायिक मनोविज्ञान
(C) विकासात्मक मनोविज्ञान
(D) संज्ञानात्मक मनोविज्ञान

28. On which of the following efficiency of sense working in the world depends upon ?
(A) Feature based processing
(B) Whole based processing
(C) Dis-sociable subsystems
(D) Associative subsystems

29. In emotional response _______ shall occur.
(A) Increase in sweat gland activity
(B) Lowering of skin resistance
(C) Rise in skin conductance
(D) All the above

30. Why communal riots occur ?
(A) Awareness of tenets of religion
(B) Contact between rioting groups
(C) Repression of anti-social tendencies
(D) Ignorance about people

31. Promise of gifting a watch, if Ramesh achieves above 95% marks in examination exemplifies
(A) Intrinsic reward
(B) Extrinsic reward
(C) Both intrinsic and extrinsic reward
(D) Neither intrinsic nor extrinsic reward

32. In which field of psychology memory capabilities of victims and witness to crimes are studied ?
(A) Social psychology
(B) Community psychology
(C) Developmental psychology
(D) Cognitive psychology

33. व्यवसायिक निर्देशन और व्यवसायिक परामर्श
(A) स्वरूप में एक समान है
(B) स्वरूप में भिन्न है
(C) स्व: खोज के साधन है
(D) स्वरूप में समान भी हैं और भिन्न भी

34. साक्षात्कार चयन
(A) साक्षात्कर्ता की वैयक्तिकता की अभिव्यक्ति है
(B) साक्षात्कर्ता के लचीलेपन की अभिव्यक्ति है
(C) साक्षात्कार परिस्थिति में गैर-गोलाकार अभिव्यक्ति है
(D) एक उद्देश्य के साथ संभाषण है

35. निम्नलिखित में से कौन-सा पाँच महान घटकों में से नहीं है ?
(A) वशीकृत
(B) सहमतता
(C) बहिर्मुखता
(D) अनुभव के प्रति खुलापन

36. किन पर शोध, 'प्रत्यक्षीकरण जन्मजात है', का साक्ष्य प्रस्तुत करता है ?
(A) अन्धे पैदा हुये मनुष्य
(B) शिशु
(C) अन्धे पैदा हुये मनुष्य और शिशु दोनों पर
(D) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

37. प्रायोगिक संक्रियाओं के दृष्टिकोण से वर्गीकृत चर है
(A) प्रासंगिक व मध्यस्थता चर
(B) गुणात्मक व परिमाणात्मक चर
(C) सक्रिय व गुणात्मक चर
(D) आश्रित व अनाश्रित चर

33. Vocational guidance and vocational counselling are
(A) Similar in nature
(B) Distinct in nature
(C) Means of self-discovery
(D) Similar as well as distinct in nature

34. Selection interview is
(A) Expression of individuality of interviewer
(B) Expression of flexibility of interviewer
(C) Expression of non-circularity in interview situation
(D) Conversion with a purpose

35. Which of the following is not one of the Big Five personality factors ?
(A) Submissiveness
(B) Agreeableness
(C) Extroversion
(D) Openness of experience

36. Researches on whom provide evidence that perception is innate ?
(A) People born blind
(B) Infants
(C) Both people born blind and infants
(D) None of the above

37. From the point of view of experimental operations, classified variables are
(A) Relevant and mediating variables
(B) Qualitative and quantitative variables
(C) Active and attribute variables
(D) Dependent and independent variables

38. कार्मिक-प्रबंधन द्वन्दों को प्रभावशाली ढंग से निपटा जा सकता है

(A) नीचे दिये गये सभी

(B) समस्या समाधान उन्मुखता

(C) समझौता करके

(D) माध्यस्थ के उपयोग से

39. लघु-कालीन स्मृति दीर्घ-कालीन स्मृति से कैसे भिन्न है ?

(A) क्षमता

(B) पूर्वाभ्यास

(C) कूटलेखन

(D) उपर्युक्त सभी

40. शारीरिक प्रक्रियाओं पर ऐच्छिक नियंत्रण ______ के सिद्धांतों के उपयोग से प्राप्त किया जा सकता है ।

(A) मनोशारीरिक चिकित्सा

(B) संज्ञानात्मक चिकित्सा

(C) व्यवहारात्मक चिकित्सा

(D) मानवतावादी चिकित्सा

41. टंकण को सीखते समय उच्चक्रम और निम्नक्रम अधिगम में संघर्ष कब होता है ?

(A) अक्षर आदत से शब्द आदत में बदलना

(B) शब्द आदत से अक्षर आदत में बदलना

(C) अक्षर आदत से शब्द आदत में कोई बदलाव नहीं

(D) शब्द आदत से अक्षर आदत में कोई बदलाव नहीं

38. Employee management conflicts can be effectively dealt with by

(A) All given below

(B) Problem solving orientation

(C) Making compromises

(D) Use of arbitration

39. How short-term memory differs from long-term memory ?

(A) Capacity

(B) Rehearsal

(C) Coding

(D) All of the above

40. Voluntary control over physiological processes can be obtained by using principles of

(A) Psychosomatic medicine

(B) Cognitive medicine

(C) Behavioural medicine

(D) Humanistic medicine

41. While learning to type, when conflict occurs between higher order and lower order learning ?

(A) Shift from letter habit to word habit

(B) Shift from word habit to letter habit

(C) No shift from letter habit to word habit

(D) No shift from word habit to letter habit

42. बाह्य और आन्तरिक प्रेरकों के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) डेसी

(B) हैब

(C) शैशस्टर

(D) निस्बैत

43. प्रत्येक छः महीने में दाँतों की जाँच के लिये दन्तचिकित्सक के पास जाने वाला व्यक्ति आबद्ध है

(A) स्वास्थ्य संरक्षण व्यवहार से

(B) बाधित व्यवहार से

(C) मातापिता के व्यवहार के निर्देशन से

(D) दाँतों के ह्रास में विश्वास से

44. कार्ल युंग के अनुसार 'सामूहिक अचेतन' एक ऐसा काल्पनिक भंडार है, जो निम्नलिखित से प्राप्त होता है

(A) हमारी पहले दबायी गयी इच्छा

(B) हमारी अपूर्ण इच्छा

(C) हमारे पूर्वजों का वैश्विक अनुभव

(D) हमारा प्रारंभिक यौन तनाव

45. जब किसी व्यक्ति को दो प्रतिरोधी धमकियों भय, या परिस्थितियों के बीच सामना करना पड़ता है तो यह स्थिति होती है

(A) परिहार-परिहार द्वंद्व

(B) आगमन-आगमन द्वंद्व

(C) आगमन-परिहार द्वंद्व

(D) विभिन्न आगमन-परिहार द्वंद्व

42. Who propounded the theory of extrinsic and intrinsic motivation ?

(A) Desi

(B) Hebb

(C) Schachter

(D) Nisbett

43. A person who visits dentist every six months for dental checkup is engaged in

(A) Health protective behaviour

(B) Compulsive behaviour

(C) Modelling of parental behaviour

(D) Belief in decay of tooth

44. According to Carl Jung, collective unconscious is a common reservoir of images derived from

(A) Our early repressed desires

(B) Our unfulfilled desires

(C) Our ancestors' universal experiences

(D) Our early sexual tensions

45. When an individual is caught between two repelling threats, fears or situations, it is a

(A) Avoidant-avoidant conflict

(B) Approach-approach conflict

(C) Approach-avoidant conflict

(D) Multiple approach-avoidant conflict

46. 11-14 वर्षों के बच्चों के निर्देशन के लिये राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी) के विकासात्मक ढाँचे का उद्देश्य है

(A) समस्या समाधान कौशल को विकसित करना

(B) आजीविका के लिये तैयार करना

(C) आत्म-समझ में वृद्धि करना

(D) हिंसात्मक व्यवहार की रोकथाम

47. पश्चगामी स्मृतिभ्रंश में निम्न में से किस प्रकार की समस्याएँ पायी जाती है ?

(A) पूर्व अधिगमित सामग्री के पुनः स्मरण में समस्या

(B) मुख (शक्ल) पहचानने में समस्या

(C) मार्ग ढूंढने में कठिनाई

(D) वाचिक सामग्री के कूटलेखन में समस्या

48. मनुष्यों की क्षमताओं का अध्ययन किस सिद्धांत का केन्द्र बिन्दु है ?

(A) मानवतावादी सिद्धांत

(B) संज्ञानात्मक सिद्धांत

(C) सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत

(D) मनोगत्यात्मक सिद्धांत

49. वैस-आर (WAIS-R) के उप-परीक्षणों को ________ के अनुसार संख्याकित किया गया है।

(A) कठिनाई के क्रम

(B) प्रशासन के क्रम

(C) आयु-स्तर

(D) मानकीकृत प्रतिदर्श के प्रतिनिधित्व

46. The objective of development framework of National Council of Educational Research and Training (NCERT) for guidance to 11-14 years children in

(A) Developing problem-solving skills

(B) Preparing for a career

(C) Enhancing self understanding

(D) Prevention of violent behaviour

47. In retrograde amnesia, which of the following kind of problem is seen ?

(A) Problems with recalling previously learned material

(B) Problems with face recognition

(C) Difficulty finding routes

(D) Poor encoding of verbal material

48. Which theory focusses upon the study of potential of human beings ?

(A) Humanistic theory

(B) Cognitive theory

(C) Socio-cultural theory

(D) Psycho-dynamic theory

49. Sub-tests of WAIS-R are numbered according to

(A) Order of difficulty

(B) Order of administration

(C) Age-levels

(D) Representatives of normative sample

50. फ्रायड के अनुसार निम्नांकित में से कौन हमारे सारे नहीं, अधिकतर व्यवहार को नियंत्रित करता है ?
(A) सचेत अनुभव
(B) गेस्टाल्ट प्रत्यक्षीकरण
(C) अचेतन
(D) निरीक्षणात्मक अनुभव

51. भिन्नता सीमान्त को परिभाषित किया जाता है
(A) उद्दीपक की गुणवत्ता के रूप में
(B) अनुक्रिया की गुणवत्ता के रूप में
(C) सांख्यिकी परिमाण
(D) असांख्यिकी परिमाण

52. उद्दोलन वक्र के किस स्तर पर अवधान सबसे अधिक प्रभावशाली होती है ?
(A) उद्दोलन वक्र के निचले स्तर पर
(B) उद्दोलन वक्र के उच्च स्तर पर
(C) उद्दोलन वक्र की चोटी पर
(D) उद्दोलन वक्र के निचले और उच्च स्तर पर

53. किसी परीक्षण की विश्वसनीयता और उसकी लम्बाई के बीच सीधा सम्बन्ध है
(A) यह कथन हमेशा सही है
(B) यह कथन गलत है
(C) कुछ स्थितियों में यह कथन सही है
(D) यह सम्बन्ध नहीं होता है

54. क्रोध की बाह्य अभिव्यक्ति में स्राव में वृद्धि के लिये निम्नांकित में से कौन-सा उत्तरदायी है ?
(A) एपिनैफ्रिन
(B) नार एपिनैफ्रिन
(C) पिट्यूटरी ग्रन्थि
(D) मैडूला

50. According to Freud, which of the following control most, not all of our behaviour ?
(A) Conscious experience
(B) Gestalt perception
(C) Unconscious
(D) Observable experience

51. Difference threshold is defined as
(A) Quality of stimulus
(B) Quality of response
(C) Statistical quality
(D) Non-statistical quality

52. On which level of arousal curve, attention is most effective ?
(A) At the lower level of arousal curve
(B) At the higher level of arousal curve
(C) At the peak of arousal curve
(D) At the lower and higher level of arousal curve

53. There is a direct relationship between the reliability of a test and its length
(A) This statement is always true
(B) This statement is false
(C) This statement is true under certain conditions
(D) This relationship does not hold

54. Which of the following is responsible for increase of secretion in outward expression of anger ?
(A) Epinephrine
(B) Nor epinephrine
(C) Pituitary gland
(D) Medulla

55. निर्देशन का ध्यान बिन्दु है

(A) समस्या का समाधान खोजना

(B) सूचना देना

(C) सलाह देना

(D) सूचना की विवेचना करना

56. अपने बारे में हमारी सभी सोच और भावना "मैं क्या कर सकता हूँ" के प्रश्न का एक उत्तर है, जिसे निम्नलिखित के रूप में जाना जाता है

(A) आत्म-संकल्पना

(B) आत्म-सम्मान

(C) आत्म-मूल्य

(D) आत्म-प्रभावकारिता

57. बौद्धिक प्राप्तांक (आई.क्यू.) है

(A) मानदंड

(B) कच्चा समंक

(C) मौखिक बुद्धि का समंक

(D) अमौखिक बुद्धि का समंक

58. स्मरण-शक्ति का सबसे अधिक संवेदनशील उपाय निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) प्रत्यभिज्ञान

(B) संकेत पुनर्स्मरण

(C) पुन: शिक्षण (अपवाद)

(D) पुनर्स्मरण

59. सामाजिक प्रेरकों में क्या सन्निहित है ?

(A) मनोवैज्ञानिक संतुलन

(B) सामाजिक संतुलन

(C) आत्म, दूसरों और सम्बन्धों के बारे में भावनायें

(D) केवल सम्बन्धों के बारे में भावनायें

55. Guidance focusses upon

(A) Seeking solution to a problem

(B) Giving information

(C) Giving advice

(D) Interpreting information

56. All our thoughts and feelings about ourselves is an answer to the question "What can I do" are referred to as

(A) Self-Concept

(B) Self-Esteem

(C) Self-Worth

(D) Self-Efficacy

57. Intelligence Quotient (I.Q) is a

(A) Norm

(B) Raw score

(C) Score of verbal intelligence

(D) Score of non-verbal intelligence

58. Which of these is the most sensitive measure of memory ?

(A) Recognition

(B) Cued-Recall

(C) Re-learning (saving)

(D) Recall

59. What is involved in social motives ?

(A) Psychological balance

(B) Social balance

(C) Feelings about self, others and relationships

(D) Feelings about relationships only

60. गिल्फर्ड के प्रतिदर्श में निम्नलिखित में से कौन एक उत्पाद है ?

(A) मूल्यांकन (B) संज्ञान
(C) रूपांतरण (D) प्रतीक

61. व्यक्ति विकास के लिये मनोवैज्ञानिक विवक्षायें ________ में सन्निहित नहीं है ।

(A) सलाह
(B) शैक्षिक निर्देशन
(C) परामर्श
(D) व्यवसायिक निर्देशन

62. कार्य और भविष्यलक्षी कार्मिकों में सर्वोत्तम उपयुक्तता उत्पन्न करने के लिये औद्योगिक मनोवैज्ञानिक उन लोगों को ढूँढने का प्रयास करते हैं जो

1. कार्य के लिये सर्वोत्तम अनुकूल है ।
2. अपने कार्य में आनन्द लेंगे ।

नीचे दिये गये संकेतों के उपयोग से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 दोनों सही है
(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं है

63. किसने सबसे पहले यह मत दिया था कि स्मृति एक रचनात्मक प्रक्रिया पर आधारित है ?

(A) बार्टलैट (B) जैक्सन
(C) एटकिन्सन (D) लॉंकहार्ट

64. निम्नलिखित में से विश्वसनीयता मापन की विधि कौन-सी नहीं है ?

(A) परीक्षण-पुन: परीक्षण
(B) वैकल्पिक रूप
(C) भविष्य सूचक
(D) अर्ध-विभाजन

60. Which one of the following is a product in Guilford's model ?

(A) Evaluation (B) Cognition
(C) Transformation (D) Symbols

61. Psychological implications for individual development are not involved in

(A) Advice
(B) Educational guidance
(C) Counselling
(D) Vocational guidance

62. To produce best fit between job and prospective employees industrial psychologists attempt to search people who

1. Are best suitable for the job.
2. Will enjoy their work

Choose the correct answer using the code given below.

(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are incorrect

63. Who first gave the motion that memory is based on constructive process ?

(A) Bortlett (B) Jackson
(C) Atkinson (D) Lockhort

64. Out of the following which one is not a method of measuring reliability ?

(A) Test-Retest
(B) Alternate-form
(C) Predictive
(D) Split-Half

65. 'सूर्यास्त का दृश्य एक वस्तुनिष्ठ वास्तविकता नहीं है', यह कथन निरुपित करता है
(A) प्रात्यक्षिक संरचना को
(B) प्रत्यक्षीकरण पर प्रेरकों के प्रभाव को
(C) प्रत्यक्षीकरण पर संवेगों के प्रभाव को
(D) वास्तविकता परीक्षण करने की आदत को

66. वस्तुओं को और उनके अर्थ को पहचानने में असमर्थता मस्तिष्क में क्षरण ________ की विशेषता है।
(A) लेखन अक्षमता
(B) पठन अक्षमता
(C) स्मृतिलोप
(D) संवेदनलोप

67. चालक अपनी गाड़ियों को हरी यातायात बत्ती पर चलाते हैं और लाल यातायात बत्ती पर रुक जाते हैं, यह कथन उद्धरित करता है
(A) नैमित्तिक अनुबन्धन
(B) प्राचीन अनुबन्धन
(C) प्रेक्षणात्मक अधिगम
(D) समीपता अधिगम

68. निम्नलिखित में से किसका अध्ययन आक्रमक व्यवहार के कारण के रूप में नहीं किया गया है ?
(A) भांग
(B) कुंठा
(C) पीड़ा
(D) अल्कोहॉल

69. व्यवसायिक निर्देशन में निहित है
1. शैक्षिक निर्देशन
2. जीविका के बारे में विश्वसनीय एवं भरोसेमंद सूचना देना

नीचे दिये गये संकेतों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये।
(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 दोनों सही हैं
(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं है

65. 'View of sunset is not an objective reality'. This statement demonstrates
(A) Perceptual construction
(B) Influence of motives on perception
(C) Influence of emotions on perception
(D) Habit of engaging in reality testing

66. Inability to recognise objects and their meanings due to damage in the brain is characteristic of
(A) Agraphia
(B) Alexia
(C) Amnesia
(D) Agnosia

67. 'Drivers move their vehicle at green traffic light and stop at red traffic light', the statement illustrates
(A) Operant conditioning
(B) Classical conditioning
(C) Observational learning
(D) Contiguity learning

68. Which of the following has not been studied as a cause of aggressive behaviour ?
(A) Marijuana
(B) Frustration
(C) Pain
(D) Alcohol

69. Vocational guidance implies
1. Educational guidance
2. Providing reliable and dependable information about careers

Select the correct answer using the code given below
(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are incorrect

70. पुनर्बलन की कौन-सी अनुसूची अनुक्रिया की सबसे उच्चतम दर और सबसे अधिक प्रतिरोध विलोपन के लिये पैदा करती है ?

(A) बद्ध अनुपातीय अनुसूची

(B) बद्ध अन्तराल अनुसूची

(C) परिवर्ती अनुपातीय अनुसूची

(D) परिवर्ती अन्तराल अनुसूची

71. स्मृति का कौन-सा सिद्धांत कार्यालय फाइल पद्धति के समान है ?

(A) स्मृति का संज्ञानात्मक दृष्टिकोण

(B) स्मृति का व्यवहारवादी दृष्टिकोण

(C) स्मृति का स्नायुविक दृष्टिकोण

(D) स्मृति का सामाजिक दृष्टिकोण

72. सिद्धांत का ख़ाका संकेत करता है कि

1. परिकल्पना प्रमेय का विशेष वर्णन है ।
2. प्रमेय का निगमन अभिधारणा से होता है ।

नीचे दिये गये संकेतों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये ।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 और 2 दोनों सही हैं

(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं

73. परीक्षार्थी की अनुक्रिया पर परीक्षण कर्त्ता की प्रत्याशा का प्रभाव कहलाता है

1. आत्म परिपूर्णक भविष्यवाणी
2. सामान्य प्रेरणात्मक प्रतिपुष्टि

नीचे दिये गये संकेतों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये ।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 और 2 दोनों सही हैं

(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं

70. Which schedule of reinforcement generates the highest rate of responding and the greatest resistance to extinction ?

(A) Fixed ratio schedule

(B) Fixed interval schedule

(C) Variable ratio schedule

(D) Variable interval schedule

71. Which view of memory is similar to office filing system ?

(A) Cognitive view of memory

(B) Behaviouristic view of memory

(C) Neurological view of memory

(D) Social view of memory

72. Schema of a theory implies that

1. Hypothesis is a specification of theorem.
2. Theorem is a deduction from postulate.

Select the correct answer using the code given below

(A) Only 1 is correct

(B) Only 2 is correct

(C) Both 1 and 2 are correct

(D) Both 1 and 2 are incorrect

73. Influence of expectations of tester on responses of testee is known as

1. Self-fulfilling prophecy
2. General motivational feedback

Select the correct answer using the code given below

(A) Only 1 is correct

(B) Only 2 is correct

(C) Both 1 and 2 are correct

(D) Both 1 and 2 are incorrect

74. समीप स्थित लक्ष्यों पर केंद्रित करने के लिए समन्वय की क्रिया में आँखों की एक दूसरे की ओर करने की प्रवृत्ति कहलाती है

(A) समसंभाव्यता
(B) अनुरूपता
(C) द्विवर्णता
(D) अभिसरण

75. आन्तरिक व बाह्य परिवेश के प्रभावों या संयोगों के संचारित होने से सामान्य व असामान्य व्यवहार का अधिग्रहण एक ही प्रकार से होता है। यह मत है

(A) व्यवहारवादी प्रतिमान का
(B) चिकित्सीय प्रतिमान का
(C) संज्ञानात्मक प्रतिमान का
(D) मनोविश्लेषणात्मक प्रतिमान का

76. मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 की उद्देशिका

(A) आक्रामकता और हिंसा की समस्याओं के बारे में बात करती है
(B) मानसिक रुप से अस्वस्थ व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने का वचन देती है
(C) इन्टरनेट व्यसन की समस्याओं के बारे में बात करती है
(D) परिवार के सार्थक योगदानों के महत्व पर विचार करती है

77. सामूहिक परीक्षणों का व्यक्तिगत परीक्षणों से विभेदीकरण ________ के आधार पर किया जा सकता है।

(A) पदों के रुप व व्यवस्था
(B) परीक्षण परिस्थिति
(C) परीक्षणकर्ता की भूमिका
(D) उपर्युक्त सभी

74. The tendency of the eyes to turn towards each other in a co-ordinated action to fixate on targets located nearby is called

(A) Equipotentiality
(B) Consonance
(C) Dichromatism
(D) Convergence

75. 'Normal and abnormal behaviour are acquired in the same way through the operation of internal and external environmental influences or contingencies. This is the view of

(A) Behavioural model
(B) Medical model
(C) Cognitive model
(D) Psychoanalytical model

76. Preamble of Mental Health Care Act, 2017

(A) Talks about problems of aggression and violence
(B) Promises to provide mental health care services for mentally ill persons
(C) Talks about problems of internet addiction
(D) Takes into account the significa[nt] contributions of family

77. Group tests can be differentiated fr[om] individual tests on the basis of

(A) Form and arrangement of item[s]
(B) Testing situations
(C) Role of tester
(D) All of the above

78. सुई में धागा डालना अथवा साइकिल की सवारी करना सम्भव नहीं है
(A) रुप प्रत्यक्षीकरण के साथ
(B) रुप प्रत्यक्षीकरण के बिना
(C) गहराई प्रत्यक्षीकरण के बिना
(D) गहराई प्रत्यक्षीकरण के साथ

79. समूह तनाव को ________ से कम नहीं किया जा सकता है ।
(A) श्रेणी संचलित प्रक्रमण
(B) गुण संचलित प्रक्रमण
(C) सकारात्मक क्रिया कार्यक्रमों
(D) छाप निर्माण की परिशुद्धता

80. शैक्षिक निर्देशन का पक्षसमर्थन दर्शाता है कि
(A) व्यक्तिगत भेदों को पहचानना आवश्यक है
(B) निर्देशन कार्यकर्त्ता और अध्यापकों के बीच के सम्बन्ध सार्थक नहीं होते हैं
(C) भविष्य की योजनायें महत्त्वपूर्ण है, वर्तमान को तुच्छ माना जा सकता है
(D) विभिन्न प्रकार की विधियों का प्रयोग लाभदायक नहीं होता

81. समानान्तर रेखायें दूरी पर अभिसरित होती हुई क्यों दिखाई देती हैं ?
(A) मध्यस्थता
(B) अनुरेखीय परिपेक्ष्य
(C) वातावरणीय परिपेक्ष्य
(D) रचना

82. 'बैक के अनुसार विषादग्रसित व्यक्ति हमेशा निषेधात्मक परिणाम देखते है' । यह कथन निरुपित करता है
(A) चयनात्मक सार
(B) वैश्विक आरोपण
(C) अधिकरण और न्यूनीकरण
(D) ध्रुवीकरण

78. It is not possible to thread a needle or ride a bicycle
(A) With form perception
(B) Without form perception
(C) Without depth perception
(D) With depth perception

79. Group tension cannot be reduced by
(A) Category driven processing
(B) Attribute driven processing
(C) Affirmative action programmes
(D) Accuracy of impression formation

80. Advocacy of educational guidance illustrates
(A) Individual differences need to be recognised
(B) Insignificance of relationship between guidance workers and teachers
(C) Future plans are salient, present can be ignored
(D) Usage of variety of methods is not advantageous

81. Why parallel lines appear to converge in the distance ?
(A) Interposition
(B) Linear perspective
(C) Atmospheric perspective
(D) Texture

82. 'According to Beck depressed people always see negative consequences'. This statement demonstrates
(A) Selective abstraction
(B) Global attribution
(C) Maximization and minimization
(D) Polarization

83. वैक्सलर बुद्धि परीक्षण एक
(A) शाब्दिक परीक्षण है
(B) अशाब्दिक परीक्षण है
(C) शाब्दिक और अशाब्दिक परीक्षण है
(D) निष्पादन परीक्षण है

84. निरीक्षणात्मक अध्ययनों में व्यवहार के परिणामीकरण का आधार है
(A) आवृत्ति विधि
(B) अवधि विधि
(C) अन्तराल विधि
(D) उपर्युक्त सभी

85. वे कौन से दो तरीकें हैं जिनसे मानसिक विकारों का उपचार हो सकता है ?
(A) सम्मोहन व परामर्श
(B) मनोचिकित्सा व जीव औषधीय चिकित्सा
(C) परामर्श व दिशा निर्देशन
(D) औषधियाँ व शल्य चिकित्सा

86. व्यक्तियों की शारीरिक बनावट के आधार पर व्यक्तित्व के प्रकार का वर्गीकरण किसने दिया था ?
(A) टाईलर
(B) शैलडन
(C) युंग
(D) बान्दुरा

87. व्यवस्थित असंवेदीकरण अतार्किक भय से ग्रसित व्यक्तियों के उपचार के लिये प्रयुक्त किया जाता हैं । यह कथन निरुपित करता है
(A) अनुबन्धन अनुक्रिया का विभेदन
(B) अनुबन्धन अनुक्रिया का विलोपन
(C) अनुबन्धन अनुक्रिया का अर्जन
(D) अनुबन्धन अनुक्रिया की पुनरुद्भुति

83. Wechsler intelligence test is a
(A) Verbal test
(B) Nonverbal test
(C) Verbal and nonverbal test
(D) Performance test

84. Basis of quantification of behaviour in observational studies is
(A) Frequency method
(B) Duration method
(C) Interval method
(D) All of the above

85. What are the two ways in which psychological disorders can be treated ?
(A) Hypnosis and counselling
(B) Psychotherapy and biomedical therapy
(C) Counselling and guidance
(D) Medicines and surgery

86. Who propounded the classification of individuals into personality type on the basis of body build ?
(A) Tylor
(B) Sheldon
(C) Jung
(D) Bandura

87. 'Systematic desensitization is used for treatment of people with irrational fears'. This statement demonstrates
(A) Discrimination of conditioned response
(B) Disappearance of conditioned response
(C) Acquisition of conditioned response
(D) Re-emergence of conditioned responses

88. स्मृति तंत्र द्वारा प्रक्रियात्मक किये जा सकने वाले संवेदनात्मक आगत के रुपान्तरण के आरूप को

(A) कूट वाचन कहते हैं

(B) कूट संकेतन कहते हैं

(C) संचयन कहते हैं

(D) पुनर्स्मरण कहते हैं

89. नीचे दी गयी दो अवस्थाओं को पढ़िये

1. परिकल्पना के प्रथम भाग में पूर्ववर्ती दशाओं को प्रस्तुत किया जाता है ।
2. परिकल्पना के द्वितीय भाग में अनुवर्ती दशाओं को प्रस्तुत किया जाता है ।

नीचे दिये गये संकेतों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 और 2 दोनों सही हैं

(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं

90. ऐसे दीर्घकालिक व्यवहार, विचार और संवेग जो यह बताते है कि हम दूसरे व्यक्ति के साथ कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और कैसे अनुकूलन करते हैं, हमारा निम्नलिखित गुण बताता है

(A) अभिवृत्ति (B) विश्वास/मत

(C) व्यक्तित्व (D) बुद्धि

91. शारीरिक अंगों का परस्पर व जमीन से स्थान निर्धारण संवेद को कहते है

(A) वेस्टिब्यूलर संवेदना

(B) गंध संवेदना

(C) काइनेस्थेटिक संवेदना

(D) दृष्टि संवेदना

88. Transformation of sensory input into a form that can be processed by memory system is known as

(A) Decoding

(B) Encoding

(C) Storage

(D) Retrieval

89. Read two conditions given below :

1. Antecedent conditions are presented in first part of hypothesis.
2. Consequent conditions are presented in second part of hypothesis

Select the correct answer using the code given below

(A) Only 1 is correct

(B) Only 2 is correct

(C) Both 1 and 2 are correct

(D) Both 1 and 2 are incorrect

90. The lasting behaviours, thoughts and emotions that specify how do we react and adapt to other people and situations make up our

(A) Attitudes (B) Beliefs

(C) Personality (D) Intelligence

91. Sense of the location of body parts in relation to the ground and each other is called

(A) Vestibular sense

(B) Olfactory sense

(C) Kinesthetic sense

(D) Visual sense

92. एक प्रौढ़ की संवेगात्मक अभिव्यक्ति
(A) जन्मजात है
(B) अधिगमित है
(C) जन्मजात व अधिगमित है
(D) सँस्कृति अविशेष है

93. कार्य के आवेदकों की पृष्ठभूमि और अनुभवों के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी ______ में खोजी जाती है ।
(A) जीवन वृतांत अनुसूचियाँ
(B) रिक्त आवेदनों
(C) संस्तुति प्रपत्र
(D) संदर्भ प्रतिवेदन

94. प्रति सेकंड ध्वनि तरंग के चक्रों या आवृत्तियों की संख्या निम्नलिखित को निर्धारित करती है
(A) पिच
(B) ध्वनि उच्चता
(C) ध्वनि गुण
(D) विस्तीर्णता

95. जब किसी व्यक्ति की मौखिक प्रतिक्रिया शब्दश: दोहराई जाती है तो जो वाचिक व्यवहार पुनर्बलित होता है उसे क्या कहते हैं ?
(A) ऑटोक्लिटिक व्यवहार
(B) प्रतिध्वनिक व्यवहार
(C) पुनर्बलित व्यवहार
(D) क्रियाप्रसूत व्यवहार

96. रमेश अति गति सीमा से गाड़ी चलाते हुए तीन बार पकड़ा गया । अदालत के द्वारा दिये गये दो विकल्पों में से उसने गाड़ी चलाने को अनुज्ञप्ति से वंचित होने की अपेक्षाकृत गाड़ी चलाने को कक्षा में जाने का विकल्प चुना । यह एक उदाहरण है
(A) धनात्मक दण्ड का
(B) धनात्मक पुनर्बलन का
(C) निषेधात्मक पुनर्बलन का
(D) निषेधात्मक दण्ड का

92. Emotional expression of an adult is
(A) Innate
(B) Learned
(C) Innate and learned
(D) Culture non-specific

93. Greater detail about background and experiences of job-applicants are sought in
(A) Biographical inventories
(B) Application blanks
(C) Recommendation forms
(D) Reference reports

94. The number of cycles or frequency of sound wave per second determines
(A) Pitch
(B) Loudness
(C) Timbre
(D) Amplitude

95. Verbal behaviour that is reinforced when someone else's verbal response is repeated verbation is called
(A) Autoclitic behaviour
(B) Echoic behaviour
(C) Reinforced behaviour
(D) Operant behaviour

96. Ramesh was caught thrice for exceeding speed limit while driving. Among the two choices given by court he chose to attend the driving classes instead of loosing driving license. This is an example of
(A) Positive punishment
(B) Positive reinforcement
(C) Negative reinforcement
(D) Negative punishment

97. जातिवाद में सशक्त विश्वास का परिणाम है
(A) संसार का 'हम और वो' में विभाजन
(B) तादात्म एकरूपता पक्षपात
(C) अपनी जाति की सुरक्षा के लिये संलिप्त होने की अतिश्य कार्यों की तत्परता
(D) उपर्युक्त सभी

98. मनो-यौन विकास की विभिन्न अवस्थाओं का सही क्रम है
(A) गुदा, मौखिक, लैंगिक, जननांगी, अव्यक्तता
(B) गुदा, लैंगिक, मौखिक, जननांगी, अव्यक्तता
(C) मौखिक, गुदा, अव्यक्तता, लैंगिक, जननांगी
(D) मौखिक, गुदा, लैंगिक, अव्यक्तता, जननांगी

99. निरीक्षणात्मक अधिगम के एक विश्लेषण ने स्वीकार किया कि
1. पुनर्बलन सिद्धांत व्यवहार को प्रभावित करता है
2. व्यक्तियों में संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के उपयोग की क्षमता होती है । इसके द्वारा संज्ञानात्मक पुरस्कार और दण्ड के साथ व्यवहार को परिवर्तित कर सकते हैं ।

नीचे दिये गये संकेतों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये ।
(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 दोनों सही है
(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं है

97. Strong beliefs in casteism result in
(A) Division of social world into 'us' and 'them'
(B) Identity fusion bias
(C) Willingness to engage in extreme actions to protect own caste
(D) All of the above

98. The correct sequence of different stages of psycho-sexual development is
(A) Anal, Oral, Phallic, Genital, Latency
(B) Anal, Phallic, Oral, Genital, Latency
(C) Oral, Anal, Latency, Phallic, Genital
(D) Oral, Anal, Phallic, Latency, Genital

99. An analysis of observational learning acknowledges that
1. Principles of reinforcement influence behaviour
2. Individuals have the capacity to use their cognitive processes. Through this they can change their behaviour with cognitive rewards and punishments.

Select the correct answer using the code given below
(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are incorrect

100. प्रयोगात्मक अवस्थाओं में औषध के प्रभाव का आकलन _____ के आधार पर किया जाता है ।
(A) प्लेसिबो (Placebo)
(B) कोई औषधि नहीं अवस्था
(C) उचित नियंत्रण
(D) विषयी परिवर्त्यों

101. किस प्रकार के लोग प्रतिबल का अनुभव ज्यादातर करते हैं ?
(A) डी प्रकार के लोग
(B) ए प्रकार के लोग
(C) ई प्रकार के लोग
(D) बी प्रकार के लोग

102. सामाजिक अधिगम सिद्धांत के अनुसार मानवीय व्यवहार किससे संचालित होता है ?
(A) आन्तरिक बल
(B) बाह्य उद्दीपन
(C) प्रत्याशित परिणाम
(D) वास्तविक परिणाम

103. प्रलोभन अभिप्रेरणा _________ का रूप है ।
(A) दाब क्रियातन्त्र
(B) खींच क्रियातन्त्र
(C) खींच और दाब क्रियातन्त्र
(D) ना खींच ना दाब क्रियातन्त्र

104. कूट चित्रों के पुनर्स्मरण के एक प्रयोग में प्रतिभागियों को एक सप्ताह के अन्तराल के बाद पहचानने के लिये कहा गया । किस परिस्थिति में पहचान प्राप्तांक अधिक पाये गये ?
(A) भौतिक रुप से समान विचलन कारक
(B) सामाजिक रुप से समान विचलन कारक
(C) आदि प्रारुप समान विचलन कारक
(D) मौलिक चित्र

100. Effect of drug in experimental conditions can be evaluated on the basis of
(A) Placebo
(B) No drug condition
(C) Proper control
(D) Subject variables

101. Which type of persons experience stress more often ?
(A) Type D persons
(B) Type A persons
(C) Type E persons
(D) Type B persons

102. What drives human behaviour according to social learning theory ?
(A) Internal forces
(B) External stimulation
(C) Anticipated consequences
(D) Actual consequences

103. Incentive motivation is a form of
(A) Push mechanism
(B) Pull mechanism
(C) Pull and push mechanism
(D) Neither pull nor push mechanism

104. After one week interval, participants of an experiment on recall of cued pictures, were asked to recognize the pictures. In which of the following condition recognition scores were higher ?
(A) Physically similar destructor
(B) Socially similar destructor
(C) Prototype similar destructor
(D) Original picture

105. परीक्षण परिणामों में दूसरे व्यक्तियों के सापेक्ष में एक व्यक्ति का स्थान किस प्रकार दर्शाया जाता है ?
(A) प्रामाणिक अंकों
(B) प्राप्तांक
(C) सही अनुक्रियाओं की संख्या
(D) उत्तर दिये गये पदों की संख्या

106. मनोदशा विकार के दो प्राथमिक लक्षण है
(A) उन्माद व अनिद्रा
(B) अवसाद व क्षुधा अभाव (एनोरेक्सिया)
(C) अवसाद व आत्मघातक विचार
(D) अवसाद व उन्माद

107. निर्देशन निम्नांकित प्रत्यय पर आधारित है
(A) प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के तरीकों को चुनने का अधिकार है
(B) प्रत्येक व्यक्ति को दूसरों के जीवन के तरीकों को चुनने का अधिकार है
(C) प्रत्येक व्यक्ति में बौद्धिक चयन की जन्मजात योग्यता होती है
(D) प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने का अधिकार है

108. घटना प्रदर्श निम्नलिखित की विशेषता है
(A) अर्ध–परीक्षण
(B) केस अध्ययन
(C) प्रेक्षण
(D) साक्षात्कार

109. रोर्शा स्याही धब्बा परीक्षण के प्रत्युत्तर से निम्नलिखित प्रतिबिम्बित होता है
(A) हमारा आंतरिक द्वन्द्व
(B) हमारा आंतरिक अनुभव
(C) हमारी आंतरिक भावना
(D) हमारी आंतरिक द्वन्द्व और भावना

105. How position of an individual relative to other individuals is illustrated in test results ?
(A) Standard scores
(B) Obtained scores
(C) Number of correct responses
(D) Number of items answered

106. The two primary symptoms of mood disorders are
(A) Mania and Insomnia
(B) Depression and anorexia
(C) Depression and suicidal thoughts
(D) Depression and mania

107. Guidance is based on the following concept
(A) Each person has the right to choose his way of life
(B) Each person has the right to choose the way of life for others
(C) Each person has innate ability to make intelligent choices
(D) Each person has the right to put responsibility of self on others

108. Event sampling is characteristic of
(A) Quasi-experiments
(B) Case study
(C) Observation
(D) Interview

109. In Rorschach Ink Blot Test, responses reflect
(A) Our inner conflicts
(B) Our inner exzsperience
(C) Our inner feelings
(D) Our inner conflicts and feelings

110. प्रत्याशा में परिवर्तन के परिणामस्वरूप अपेक्षाकृत उपचार के परिणामस्वरुप व्यवहार में होने वाले परिवर्तन को कहा जाता है

(A) अन्तर्दृष्टि का प्रभाव

(B) प्रत्याशा का प्रभाव

(C) प्लेसिबो प्रभाव

(D) प्रोत्साहन का प्रभाव

111. व्यक्तित्व के आकृतिकरण में निम्नांकित में से क्या वंशानुक्रम और वातावरण के सापेक्षिक महत्व को दर्शाता है ?

(A) शील गुण

(B) वातावरण की आकृति

(C) वातावरणीय बलों का क्षेत्र

(D) उपर्युक्त सभी

112. किस समय संबंधी प्रतिमान में अधिगम सबसे अधिक प्रभावशाली होता है ?

(A) समक्षणिक अनुबन्धन

(B) पश्चवर्ती अनुबन्धन

(C) अनुरेखण अनुबन्धन

(D) विलम्बित अनुबन्धन

113. जब व्यक्ति दूरस्थ वस्तु को देखते हैं तो आकार का आकलन _____ के द्वारा किया जाता है।

(A) परिपेक्ष

(B) वस्तु

(C) परिपेक्ष और वस्तु में समझौता

(D) संवेदनात्मक आकृति

110. A change in behaviour occurring as a result of expectation of change rather than as a result of change is known as

(A) Effect of insight

(B) Expectancy effect

(C) Placebo effect

(D) Effect of encouragement

111. Among the following what depicts the relative importance of heredity and environment in moulding of personality ?

(A) Traits

(B) Feature of the environment

(C) Scope of environmental forces

(D) All of the above

112. Which temporal pattern results in most effective learning ?

(A) Simultaneous conditioning

(B) Background conditioning

(C) Trace conditioning

(D) Delayed conditioning

113. When individuals look at a distant object, size is judged by

(A) Perspective

(B) Object

(C) Compromise between perspective and object

(D) Sensory features

114. अधिकतर यह गोचर आधुनिक जीवन का है, जब व्यक्ति को लगने लगता है कि जीवन अर्थहीन है। एक खालीपन और अकेलापन व्यक्ति को बेबसी व नैराश्य की दशा में डुबो देते है। यह कहा जाता है

(A) रूपांतर विकार

(B) समाज विरोधी व्यक्तित्व विकार

(C) अस्तित्वपरक चिंता

(D) बहुल व्यक्तित्व विकार

115. 'बहुत सारी गेंदों को खोने के बावजूद एक लम्बा सीधा प्रहार की प्रत्याशा गोल्फर को खेल में बनाये रखता है'। यह कथन निदर्शन करता है

(A) गौण पुनर्बलन का

(B) आंशिक पुनर्बलन का

(C) मुख्य पुनर्बलन का

(D) सम्पूर्ण पुनर्बलन का

116. निम्नलिखित में से प्रक्षेपण परीक्षण कौन-सा नहीं है ?

(A) माइनेसोटा बहुचरणीय व्यक्तित्व सूची

(B) सोमेटिक स्याही धब्बा प्रणाली

(C) थिमेटिक आत्मबोध परीक्षण

(D) रोर्शा स्याही धब्बा परीक्षण

117. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत बुद्धि का सिद्धांत नहीं है ?

(A) कोसी का जैविकी सिद्धांत

(B) एण्डरसन का सिद्धांत

(C) जेम्स-लेन्गे का सिद्धांत

(D) गार्डनर का सिद्धांत

114. Largely it is a phenomenon of modern life, when the individual feels that life is meaningless. An emptyness and loneliness just drown the individual in a state of helplessness and hopelessness. It is known as

(A) Conversion disorder

(B) Antisocial personality disorder

(C) Existential anxiety

(D) Multiple personality disorder

115. 'Expectation of long straight drive keeps a golfer at the game despite many balls lost'. This statement illustrates

(A) Secondary reinforcement

(B) Partial reinforcement

(C) Primary reinforcement

(D) Complete reinforcement

116. Among the following which one is not a projective test ?

(A) Minnesota Multiphasic Personality Inventory

(B) Somatic Ink Blot systems

(C) Thematic Apperception Test

(D) Rorschach Ink Blot Test

117. Among the following which one is not a theory of intelligence ?

(A) Coci's biological theory

(B) Anderson's theory

(C) James-Lange theory

(D) Gardner's theory

118. विक्रय लक्ष्य को प्राप्त करने पर पारितोषिक सम्प्राप्ति के लिये विक्रयकर्ता का व्यवहार किससे नियंत्रित होता है ?

(A) प्राथमिक पुनर्बलन

(B) गौण पुनर्बलन

(C) परिणामित पुनर्बलन

(D) पुनर्बलन की संभावना

119. आवेगशीलता _______ से अधिशासित नहीं होती है ।

(A) सूचक और प्रयास प्रणाली

(B) प्रतिबल

(C) तत्काल पुरस्कारों के चयन

(D) कम प्रयास वाले कार्यों को करने

120. उन नौकरियों में जिनमें यांत्रिक कुशलता की आवश्यकता हो, उनमें सफलता की भविष्यवाणी करने वाले यांत्रिक क्षमता परीक्षण हिस्सा है

(A) व्यक्तित्व परीक्षण का

(B) निष्पादन बुद्धि परीक्षण का

(C) उपलब्धि परीक्षण का

(D) व्यवसायिक अधिक्षमता परीक्षण का

121. निर्धारण मापनी में कई तरह की त्रुटियाँ हो सकती हैं । एक सामान्य त्रुटि श्रेणी जिसमें प्रभामंडल प्रभाव त्रुटि, कठोरता त्रुटि, कोमलता त्रुटि व केन्द्रीय प्रवृत्ति त्रुटि आती है, को कहते हैं

(A) सतत त्रुटि

(B) विषम त्रुटि

(C) तार्किक त्रुटि

(D) निकटता त्रुटि

118. What governs the behaviour of salesperson getting a bonus for achieving sales target ?

(A) Primary reinforcement

(B) Secondary reinforcement

(C) Consequent reinforcement

(D) Probability of reinforcement

119. Impulsiveness is not governed by

(A) Know and go system

(B) Stress

(C) Choice of immediate rewards

(D) Doing a less effortful task

120. Mechanical ability tests for predicting success in jobs requiring mechanical skills are part of

(A) Personality tests

(B) Performance tests for intelligence

(C) Achievement tests

(D) Vocational aptitude tests

121. Ratings are subject to varieties of errors. One general class of error consisting of the 'halo effect; error of severity, error of leniency and error of central tendency is called

(A) Constant errors

(B) Contrast errors

(C) Logical errors

(D) Proximity errors

122. कक्षा में संगणक सहायक निर्देश में _______ के सिद्धांत सन्निहित होते हैं।
1. प्राचीन अनुबन्धन
2. नैमित्तिक अनुबन्धन
नीचे दिये गये संकेतों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये।
(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 दोनों सही है
(D) 1 और 2 दोनों सही नहीं है

123. हृदय धमनी रोग _______ से सम्बन्धित है।
(A) व्यवहार का D प्रकार
(B) व्यवहार का C प्रकार
(C) व्यवहार का B प्रकार
(D) व्यवहार का A प्रकार

124. आपका हृदय तेजी से भाग रहा है, आपका श्वसन तीव्र है और आपका मुँहसूखा है। आप किस संवेग की अनुभूति कर रहे हैं ?
(A) क्रोध
(B) भय
(C) प्रसन्नता
(D) केवल शारीरिक प्रतिक्रियाओं के आधार पर संवेगों में अन्तर करपाना सदा सम्भव नहीं होता है

125. किस देश में हड़ताल की अवधि में भी वेतन देने की अनुमति हैं ?
(A) यू. एस. ए. (B) यू. के.
(C) आस्ट्रेलिया (D) भारत

122. Computer assisted instruction in classroom involves principles of
1. Classical conditioning
2. Operant conditioning
Select the correct answer using the code given below
(A) Only 1 is correct
(B) Only 2 is correct
(C) Both 1 and 2 are correct
(D) Both 1 and 2 are incorrect

123. Coronary heart disease is related to
(A) Type D behaviour
(B) Type C behaviour
(C) Type B behaviour
(D) Type A behaviour

124. Your heart is racing, your breathing is rapid and your mouth is dry. What emotion are you experiencing ?
(A) Anger
(B) Fear
(C) Happiness
(D) It is not always possible to distinguish emotions by physiological reactions only

125. In which country wages for strikes are permissible ?
(A) USA (B) UK
(C) Australia (D) India